# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, मलसीसर

पीठासीन अधिकारी : हवाई सिंह यादव
(आर.ए.एस.)

अस्व वाद संख्या 79 / 2020

श्यामाराम पुत्र पीथाराम जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
आवेदक

बनाम

1. जयश्री पुत्री नाराणी जाति मेघवाल निवासी श्योपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
2. प्यारेलाल पुत्र नाराणी जाति मेघवाल निवासी श्योपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
3. शान्ति पुत्री रूड़ाराम पत्नी किशनलाल जाति मेघवाल निवासी बाजीसर तहसील व जिला झुन्झुनू।
4. प्रकाश माता सोनकी पत्नी फूलाराम निवासी ढ़ाकाली तहसील फतेहपुर जिला सीकर।
5. सन्तोष पुत्री रूड़ाराम पत्नी महावीर निवासी तिहाय फतेहपुर जिला सीकर।
6. मन्जु पत्नी ओमप्रकाश जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
7. कशरीदेवी पत्नी चेता जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
8. जगनाराम पुत्र चेता जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
9. तीजा पत्नी माला जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
10. दयानन्द पुत्र चेता जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
11. प्रहलाद पुत्र माला जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
12. मातादीन पुत्र माला जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
13. रामकुमार पुत्र माला जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
14. रामचन्द्र पुत्र चेता जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
15. सहदेवा पुत्र सांवल जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
16. हरिराम पुत्र सांवल जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
17. महादी पत्नी बालुराम जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
18. कमला पुत्री बालुराम जाति मेघवाल निवासी कालियासर तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
19. मुकेश पुत्र रामकरण जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
20. शिकारो पत्नी रामदेव जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
21. इन्द्राज पुत्र रामदेव जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
22. रोहिताश पुत्र रामदेव जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
23. सुलतान पुत्र मुन्ना जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।
24. हनुताराम पुत्र मुन्ना जाति मेघवाल निवासी दौलतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू।

अनावेदकगण

वकील आवेदक – श्री राजकुमार गढ़वाल
वकील अनावेदकगण –

प्रार्थना पत्र बाबत पत्थर गड्डी

# निर्णय

दिनांक 24.01.2023

संक्षेप में प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के तथ्य इस प्रकार है कि वाके ग्राम दौलतपुरा पटवार हल्का चुड़ैला में भूमि ख0न0 62 रकबा 2.40 है0 भूमि अवस्थित है जो आवेदक की खातेदारी काश्तकार की भूमि है। आवेदक अपनी खातेदारी काश्तकारी की उक्त वर्णित भूमि की आवारा पशुओं से फसल को बचाने एवं अन्य भूमि सुधार कार्य हेतु तारबन्दी करवाना चाहते है जिसके लिये उक्त भूमि की पत्थर गड्डी करवाना चाहता है। आवेदक द्वारा उक्त वर्णित जमीन का सीमाज्ञान दिनांक 16.06.2020 को तहसीलदार मलसीसर के आदेश कमांक 408 दिनांक 12.06.2020 की पालना में करवाया जा चुका है जिसकी फर्द सीमाज्ञान दिनांक 19.06.2020 को तैयार की गयी है। अंत में प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर उक्त वर्णित भूमि की फर्द सीमाज्ञान मौका रिपोर्ट दिनांक 19.06. 2020 के मुताबिक पत्थरगढ़ी करवाये जाने का आदेश फरमाया जावे।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अनावेदकगण को जरिये सम्मन वादग्रस्त भूमि की पत्थरगढ़ी करवाये जाने के संबंध में कोई उजर एतराज हो तो निर्धारित तिथि को न्यायालय में उपस्थित होकर उजर एतराज पेश करने हेतु नोटिस जारी किया गया। अनावेदकगण संख्या 1 लगायत 24 बाद तामील अनुपस्थित। अनावेदकगण की तामिल विधिवत पूर्ण होने के पश्चात सुनवाई हेतु पर्याप्त अवसर देने के उपरांत भी अपना पक्ष नहीं रखते है या उपस्थित नहीं होते है तो यह मानकर कि वादी द्वारा प्रस्तुत वाद पत्र के अनुसार सिद्दि दिये जाने में उन्हे कोई उजर एतराज नहीं है, उनके विरूद्व आदेश 9 नियम 6 के तहत EXPARTY मानकर एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जा सकती है। प्रकरण में विधिवत तामिल होने के पश्चात भी अनावेदकगण संख्या 1 लगायत 24 की ओर से अपना पक्ष नहीं रखने पर उन्हें EXPARTY मानकर एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई।

जवाबदेही पूर्ण होने के उपरान्त बहस विद्वान अधिवक्तागण श्रवण की गई। दौराने बहस विद्वान अधिवक्ता आवेदक ने प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराते हुये मुताबिक सीमाज्ञान दिनांक 19.06.2020 के पत्थरगढ़ी करवाये जाने का अनुरोध किया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। आवेदक के प्रार्थना पत्र एवं विद्वान अधिवक्तागण की बहस पर मनन किया। आवेदक ने अपनी खातेदारी भूमि का तहसीलदार मलसीसर से दिनांक 19.06.2020 को नियमानुसार सीमाज्ञान करवाया है जिसकी सत्य प्रतिलिपि पत्रावली में सलंग्न है। आवेदक अपनी खातेदारी काश्तकारी की भूमि पर मुताबिक सीमाज्ञान पत्थरगड्डी करवाना चाहता है जो न्यायसंगत है। अनावेदकगण बाद तामिल अनुपस्थित रहने पर इनके विरूद्व एकपक्षीय कार्यवाही हो चुकी है। तमाम तथ्यों, दस्तावेजों एवं बहस विद्वान अधिवक्ता के प्रकाश में प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित एवं न्यायोचित प्रतीत होता है।

# आदेश

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुये पर ग्राम दौलतपुरा पटवार हल्का चुड़ैला स्थित भूमि ख0न0 42 रकबा 2.40 है0 भूमि की मुताबिक सीमाज्ञान पत्थरगड्डी का आदेश दिया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 24.01.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

24.1.23

(हवाई सिंह यादव)
उपखण्ड अधिकारी
मलसीसर